CMYK

दैनिक
ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
RNI NO.: MAHHIN/2006/16907
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022
RNI No.MAHHIN/2006/16907

यलगार हिन्दी पत्रकार संघ
Reg. No. 67 G.B.B.S.D. 2009 MAH. MUMBAI
PRESIDENT RAFIQUE.M.SHAIKH

संपादक : रफीक एम. शेख     कार्यकारी संपादक : अहमद शेख

मुंबई, 30 अक्टूबर 2020 से 05 नवम्बर 2020 | वर्ष 14 | अंक 52 | Web: aibnews.co.in | पृष्ठ : 8 | कीमत : दो रुपये

## नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 99 ग्राम गांजा किया बरामद

# 30 लाख के ड्रग्स के साथ एक शख्स गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स सेल ने एक शख्स को 30 लाख रुपये के ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक पकड़े गए शख्स का नाम अखलाक अहमद अब्दुल अंसारी है. मुंबई पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स सेल ने अंसारी को 300 ग्राम एमडी ड्रग के साथ पकड़ा है. इस ड्रग की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 30 लाख रुपये बताई जा रही है.

बता दें बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में ड्रग्स का एंगल सामने आने के बाद से मुंबई पुलिस और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लगातार ड्रग्स पैडलर्स की धरपकड़ कर रहे हैं. अक्टूबर में ही मुंबई पुलिस ने एक दर्जन से ज्यादा ड्रग्स पेडलर्स को गिरफ्तार किया है. एएनसी के



सूत्रों का कहना है कि महामारी के समय कोकेन, हेरोइन और हशीश जैसे ड्रग्स के इस्तेमाल में कमी आई है. इसके मुकाबले सिंथेटिक ड्रग्स का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है.

इससे पहले एनसीबी ने एक एक्ट्रेस को भी गिरफ्तार किया था. एनसीबी ने रविवार को देवों के देव महादेव नामक टीवी सीरियल से पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस प्रीतिका चौहान को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था. एनसीबी ने रविवार को ड्रग्स खरीदने के दौरान प्रीतिका चौहान को अरेस्ट कर लिया था. नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उनके पास से 99 ग्राम गांजा भी बरामद किया. एजेंसी ने एक्ट्रेस के साथ 2 और लोगों को भी गिरफ्तार किया था. इन तीनों आरोपियों को 8 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## रेलवे टेंडर के नाम पर पौने तीन करोड़ रुपये का घोटाला



**मुंबई :** कांदिवली क्राइम ब्रांच ने रेलवे टेंडर के नाम पर बड़ा घोटाला करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। डीसीपी अकबर पठान ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस केस में जो शिकायतकर्ता है, वह बीएमसी और सूरत नगरपालिका के अलग-अलग कामों के टेंडर लेता रहता है। इस बार एक आदमी ने उसे रेलवे के हार्स पाइप टेंडर के बारे में बताया। इसमें दो डिब्बों को जोड़ने का काम होता है। जब शिकायतकर्ता तैयार हो गया, तो आरोपियों ने रेलवे के फर्जी टेंडर निकाले और कुछ दिनों बाद शिकायतकर्ता को बताया कि उसके पक्ष में टेंडर पास भी हो गए हैं। इस बहाने आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 2 करोड़ 73 लाख करोड़ रुपये ले लिए। जब शिकायतकर्ता ने हार्स पाइप मांगे, तो कहा कि सीधे रेलवे को पहुंचा दिए जाएंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जब शिकायतकर्ता को इस घोटाले का पता चला, तो उन्होंने सीनियर इंस्पेक्टर सुनील माने से संपर्क किया। इसके बाद माने ने इंस्पेक्टर शरद झीने, नितिन उतेकर व अन्य अधिकारियों की टीम बनाई। इसी में किरण चौहान, सुभाष सोलंकी और मयूर सोलंकी नामक तीन आरोपी गिरफ्तार हुए।

# नालासोपारा के नटवरलाल !

## अमेरिकंस से करते थे धोखाधड़ी

**संवाददाता**

**वसई :** नालासोपारा में बैठकर फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों को उल्लू बनाकर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश हुआ है। पुलिस ने इस अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के १० नटवरलाल को हिरासत में लिया है। पुलिस को अब भी मामले में तकनीक विशेषज्ञ, अमेरिकी नागरिकों का डेटा बेचने वाले और हवाला कारोबार से जुड़े शख्स की तलाश है। पुलिस को उम्मीद है कि उसे भी जल्द ही हिरासत में ले लिया जाएगा।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठगी करने वाले इस गिरोह का मास्टरमाइंड प्रकाश दीपक बनर्जी है। इसे हिरासत में लिया जा चुका है। यह मास्टरमाइंड ह्यवीओआईपीह्न (वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल) के जरिए अमेरिकंस को एसएसएओ (सोशल



सिक्युरिटी एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर) बताता था। आरोपी फर्जी कॉल सेंटर में कंप्यूटर पर मैसेज टाइप कर उसे अमेरिका में बोली जाने वाली अंग्रेजी में वाइस मेसेज के तौर पर कनवर्ट कर लेता थे। इसके बाद ये लोग मैसेज को अमेरिकंस के लैंडलाइन व मोबाइल फोन पर भेजते थे। मैसेज में एक टोल प्रथ्री नंबर भी दिया जाता था, इस पर फोन मिलाने पर यह कॉल हिंदुस्थान के इस फर्जी कॉल सेंटर के मोबाइल फोन पर आता था। खास बात ये है कि अमेरिकनों को पता नहीं चलता था कि उनके पास हिंदुस्थान से मैसेज आया है या फोन पर उनकी बात हिंदुस्थान में हो रही है। मैसेज और कॉलिंग में उन्हें अमेरिका का ही नंबर दिखता था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी किसी शिकार को झांसे में लेने के बाद उसे १००-२०० डॉलर की कीमत का गिफ्ट कार्ड खरीदने को कहते थे। इसके बाद उस कार्ड का १६ अंकों का गोपनीय नंबर लेकर, अमेरिका में बैठे एजेंटों द्वारा कमीशन पर बेच देते थे। कमीशन के तौर पर डॉलर में प्राप्त होने वाली रकम को हिंदुस्थानी मुद्रा में बदलकर अपने सहयोगी द्वारा आरोपियों को भेजा करते थे। पुलिस ने आशंका जताई है कि गिरोह का कोई सदस्य अमेरिका के नागरिकों का नाम, पता व फोन नंबर सहित अन्य गोपनीय जानकारी देता है। फिर इस जानकारी के साथ वॉयस मैसेज बनाकर उसके फोन पर भेजते थे। पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर के डायरेक्टर प्रकाश दीपक बॅनर्जी, जयेश गोपाल पडाया, चंदन यशवंत आमीन, भरत नारायण भाटी, ओमकार नितीन काळे, सनीत सुभाष कपाडे, कोमल तानाजी बघाडे, मुस्कान वाजीद हुसेन, प्रांजल पियुष शिंदे, चन्द्रेश मनोहर विश्राम को हिरासत में लिया है। इनके पास से ९ लैपटॉप व इयरफोन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। वसई-विरार के उपायुक्त संजय कुमार पाटील ने बताया कि मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

## संपादकीय / लेख

# वादे हैं वादों का क्या

कोरोना वायरस के संक्रमण ने दुनिया के सामने जिस तरह का संकट पेश किया है, उसमें रहीम को याद किया जाना बहुत जरूरी है। वह कहते हैं- रहिमन विपदा हू भली, जो थोरे दिन होय/ हित अनहित या जगत में, जान परत सब कोय। यानी अगर विपदा थोड़े दिन के लिए आ जाए, तो वह बेहतर होती है, इससे इस बात की परख हो जाती है कि इस दुनिया में कौन हमारा सच्चा हितैषी है और कौन नहीं। हालांकि, यहां प्रसंग रहीम का नहीं, बल्कि यू-गॉव कैंब्रिज ग्लोबलिज्म प्रोजेक्ट के एक सर्वे का है। 2020 में हुए इस सर्वे के नतीजे लगभग वही कह रहे हैं, जो सदियों पहले रहीम ने कह दिया था।

दुनिया के 25 देशों में यह सर्वे इस बात पर किया गया कि लोकलुभावन वादे और बड़ी-बड़ी बातें करने वाले राजनेताओं की लोकप्रियता कोरोना वायरस संकट के दौरान कैसी है? यह सर्वेक्षण एक ऐसे दौर में हुआ है, जब पिछले एक दशक से हमें यह लगने लगा है कि दुनिया भर में लोकलुभावन वादे करने वाले नेताओं का दौर लौट आया है। बेशक यह दौर कोरोना वायरस संकट से पहले ही आ गया था, लेकिन यह संकट उनके वादों, उनकी बातों और उनकी क्षमताओं का इम्तिहान बन गया। हालांकि, यह पूरा सर्वेक्षण मूल रूप से यूरोप केंद्रित है, लेकिन पूरी दुनिया की राजनीति के लिए इसके सबक बहुत महत्वपूर्ण हैं। खासकर, उन लोकतांत्रिक देशों में, जहां खुली स्पर्द्धा से नेतृत्व का रास्ता तैयार होता है। एक तरफ ऐसे खुले समाजों में आगे बढ़ने की संभावनाएं अनंत होती हैं, तो दूसरी तरफ यह खुलापन राजनीति को लोकलुभावन होने की जमीन भी देता है।

सर्वेक्षण बताता है कि ऐसे नेताओं की लोकप्रियता काफी तेजी से घटी है। जब लोग यह उम्मीद कर रहे थे कि हमारे नेता हमें संकट से निकाल लेंगे, तो ऐसे नेता उम्मीद पर खरे नहीं उतरे। सर्वेक्षण में यह पाया गया कि यूरोप के जिन भी देशों में इस तरह के दलों और नेताओं की सरकारें हैं, उन सभी में ऐसे नेताओं की लोकप्रियता तेजी से घटी है। यह बात अलग है कि किसी में कम तेजी से घटी है और किसी में बहुत तेजी से। मसलन, अगर हम डेनमार्क को लें, तो वहां ऐसे नेताओं की लोकप्रियता पहले के मुकाबले महज 22 फीसदी रह गई है। ब्रिटेन और जर्मनी में यह गिरावट कम है। उन नेताओं की लोकप्रियता भी काफी गिरी है, जो जब सत्ता में नहीं थे, तो लोगों को यह बताते थे कि देश दो हिस्सों में बंटा हुआ है, एक तरफ, आम लोग हैं और दूसरी तरफ, भ्रष्ट प्रभु-वर्ग है, जो आम लोगों का विकास नहीं होने देता। और लोगों ने पाया कि बाद में जब ऐसे नेता खुद सत्ता में आए, तो उनकी स्थिति में जरा भी फर्क नहीं ला सके।

तो क्या इसके बाद हम यह मान लें कि लोग अब पूरी तरह समझ गए हैं और भविष्य में वे किसी के भी झांसे में नहीं आएंगे? शायद इस सवाल का जवाब इतना सीधा नहीं है। सच सामने आ गया है, लेकिन बहुत खुश होने की जरूरत भी नहीं है। एम्सटर्डम यूनिवर्सिटी के राजनीतिक समाजशास्त्री मथिजिस रुदजिन का कहना है कि कोरोना वायरस ने इनकी सच्चाई जरूर दिखा दी है, लेकिन इसने आर्थिक संकट भी पैदा किया है, जो भविष्य के लिए लोकलुभावन राजनीति की एक नई जमीन तैयार कर सकता है।

# बच्चों से डाटा चोरी

बच्चों के तीन एप को गूगल प्ले स्टोर ने बाहर का रास्ता दिखाकर एक अच्छा काम किया है। इन तीनों एप की पहुंच करीब दो करोड़ मोबाइल या बच्चों तक थी और ये एप बच्चों से संबंधित डाटा को न केवल अपने पास संग्रहित कर रहे थे, बल्कि आरोप है कि व्यावसायिक मकसद से इनका इस्तेमाल भी कर रहे थे। आशंका है, बच्चों से संबंधित डाटा की बिक्री हो रही थी। डाटा संग्रह की नीतियों का उल्लंघन करते हुए ये एप संभावित रूप से उपयोगकर्ताओं के एंड्रॉयड आईडी और एंड्रॉयड विज्ञापन आईडी नंबरों का उपयोग कर रहे थे। बच्चे जब किसी एप का उपयोग करते हैं, तो वे बहुत सावधान नहीं होते और बहुत सारी जानकारियां वे गेम खेलते हुए एप कंपनियों तक पहुंचा देते हैं। विशेष रूप से आजकल के बच्चों के पास बहुत तरह की सूचनाएं रहती हैं और वे अपने मां-बाप से जुड़ी सूचनाओं से भी लैस होते हैं। अतः गेम की सुविधा देने वाले अनेक एप के लिए खेल-खेल में ही बहुत सारा डाटा चुराना आसान हो जाता है। यह सफेदपोश अपराध ही है और केवल गूगल प्ले स्टोर से किन्हीं तीन एप को बाहर कर देने से न्याय का तकाजा पूरा नहीं होता है।

केवल गूगल प्ले स्टोर से तीन एप हटा देने से क्या होगा? अन्य प्लेटफॉर्म के जरिए ये एप पहले की तरह ही मौजूद रहेंगे और सक्रिय भी। ऐसे एप और उनकी मालिक कंपनियों पर विशेष रूप से ध्यान रखने की जरूरत है। ऐसी कई कंपनियां हैं, जो एक से अधिक एप बाजार में चला रही हैं और उपभोक्ताओं के लिए यह पता लगाना कठिन है कि वे अपने किस एप का इस्तेमाल डाटा संग्रह के लिए कर रही हैं। अब इस सवाल पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि किसी भी सामान्य एप को किसी फोन के अंदर के कांटेक्ट नंबर, इमेज गैलरी, मैसेज बॉक्स तक पहुंच क्यों चाहिए? ग्राहकों को क्या मजबूर किया जाता है? क्या इसके लिए खुद प्ले स्टोर चलाने वाली कंपनी भी जिम्मेदार नहीं है?

इस बार खतरा बड़ा है, बच्चों के गेमिंग एप के जरिए डाटा संग्रह की शिकायत आई है। जब वयस्क लोग ही एप के पूरे विज्ञान और व्यावसायिक उपयोग को ठीक-ठीक समझ नहीं पाते हैं, तब बच्चों के लिए तो यह विषय दूर की कौड़ी है। ध्यान देने की बात है, इंटरनेशनल डिजिटल अकाउंटेबिलिटी कौंसिल ने पाया है कि ये तीन एप बच्चों का डाटा संग्रह कर रहे थे। सवाल कई हैं, क्या केवल यही तीन एप थे, जो ऐसा कर रहे थे? इस कौंसिल को साफ तौर पर जांच करके सबको बताना चाहिए कि किस-किस एप के जरिए जासूसी या डाटा चोरी हो रही है। दूसरी ओर, गूगल या एप्पल जैसी कंपनियों की भी जिम्मेदारी बहुत ज्यादा है। उन्हें जब भी कोई गड़बड़ी दिखती है, तो वे एप को अपने दायरे से बाहर कर देती हैं, लेकिन क्या इतना ही पर्याप्त है? चोरी करने वाले एप या उसकी कंपनी के लिए क्या किसी दंड का प्रावधान नहीं है? गूगल प्ले स्टोर से इस साल अब तक 36 एप को बाहर किया जा चुका है। प्ले स्टोर पर 28 लाख से भी ज्यादा एप हैं, क्या सभी की चौकस निगरानी की जा रही है? क्या गलती या अपराध करने वाले एप की संख्या केवल 36 है? प्रिंसेस सैलून, नंबर कलरिंग और कैट्स ऐंड कॉसप्ले जैसे एप को लेकर जैसी गंभीरता दिखाई गई है, उसे विधिवत रूप से आगे ले जाने की जरूरत है।

# सरकार का आश्वासन



सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने जो कहा, उससे यह मान लिया जाना चाहिए कि जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या को सुलझाने के गंभीर प्रयास होते दिखाई देंगे। सरकार ने कहा है कि इस क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए वह एक विधिक संस्था की स्थापना दो-तीन दिन में ही कर देगी। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने रिटायर्ड न्यायाधीश मदन बी लोकुर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी, जिसे पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों द्वारा पराली जलाने के इस क्षेत्र पर पड़ने वाले असर की जांच और उसे रोकने के तरीके सुझाने थे। अदालत में केंद्र सरकार ने जो तर्क दिया, वह पिछले कई दिनों से दोहराया जा रहा था। उसने कहा कि पराली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रदूषण का सिर्फ एक कारक है और असल समस्या कहीं ज्यादा बड़ी है, इसलिए एक ऐसी स्थाई संस्था की जरूरत है, जो इसके सभी पक्षों पर एक साथ काम करे। अदालत ने इस तर्क को समझा और जस्टिस लोकुर की अध्यक्षता वाली समिति का समापन कर दिया। यानी अब केंद्र सरकार को इसके लिए सिर्फ संस्था बनाने का काम ही नहीं करना होगा, इसके भी पूरे प्रावधान करने होंगे कि दिल्ली और आस-पास के इलाके को हर साल इस मौसम में बन जाने वाले दमघोंटू माहौल से मुक्ति मिल सके।

यह ठीक है कि पराली जलाने की बात को इन दिनों कुछ ज्यादा ही महत्व दे दिया जाता है, जबकि पूरे प्रदूषण में उसकी हिस्सेदारी बहुत नहीं है। अगर किसान पराली जलाना पूरी तरह से बंद कर दें, तो भी इस क्षेत्र की समस्या पर बहुत असर नहीं पड़ने वाला। सच यह भी है कि इस मौसम में हर साल जब यहां प्रदूषण बढ़ना शुरू होता है, तब दिल्ली की कई संस्थाओं और स्थानीय नेताओं के लिए सबसे सुविधाजनक यही होता है कि वे दूसरे प्रदेशों के किसानों के मत्थे आरोप मढ़कर अपना कर्तव्य पूरा मान लें। लेकिन इस सबके बावजूद धान या गेंहू की पराली जलाने को स्वीकार्य नहीं किया जाना चाहिए। अगर इसका धुंआ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को प्रदूषित नहीं भी कर रहा होता, तो भी स्थानीय स्तर पर इसका फैलना, स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर और सबसे बड़ी बात है कि ग्लोबल वार्मिंग के दौर में इससे होने वाला कार्बन उत्सर्जन, इन सब चीजों को किसी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसलिए इसका समाधान निकाला जाना जरूरी है, ऐसा समाधान जो पहले से ही आर्थिक संकटों में फंसे किसानों पर किसी भी तरह का अर्थिक दबाव न बनाए।

## चुटकुले

जब एक कंजूस महिला ने दुकानदार से मांगा खास साबुन
कंजूस महिला दुकानदार से - ऐसा साबुन दो जो कम घिसे और नहाने के बाद चेहरे पे लाली लाये
दुकानदार नौकर से - मैडम को एक ईंट का टुकड़ा दे दो...!!!!

जब आदमी ने दूसरे आदमी से पूछा, भाभीजी लेफ्टी हैं क्या?
रास्ते में एक आदमी ने दूसरे आदमी को रोककर पूछा- भाई साहब, भाभीजी लेफ्टी हैं क्या? दूसरा आदमी - हां, पर आपको कैसे पता?
पहले आदमी - क्योंकि आपका दायां गाल सूजा हुआ है...!!!

# कार्यकारी कुलसचिव ने कॉलेज प्राचार्यों और कॉलेज डीन को लिखा पत्र



**नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यकारी कुलसचिव नियुक्ति विवाद फिलहाल अभी शांत होने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को कुलपति द्वारा कार्यकारी कुलसचिव नियुक्त प्रो पीसी झा ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों, डीन ऑफ कॉलेज को एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होने डीयू एक्ट 1922 में निहित कुलपति की शक्तियों का हवाला देते हुए अपनी नियुक्ति को जायज ठहराया। पत्र में कहा गया है कि कॉलेजों को प्रो पीसी झा के आदेश का पालन करना चाहिए। प्रो पीसी झा का यह पत्र कार्यकारी परिषद द्वारा नियुक्त कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता के कारण बताओ नोटिस के एक दिन बाद आया है। डॉ विकास गुप्ता ने शनिवार को एक कारण बताओ नोटिस जारी कर प्रो पीसी झा का नियुक्ति विवाद पर स्पष्टीकरण मांगा था। नियुक्ति को लेकर चल रही उठापटक के बीच कुलपति को डीयू के चांसलर नॉमिनी प्रो राजकुमार भाटिया का साथ मिला है। प्रो राजकुमार भाटिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुलपति की तबियत जरुर खराब थी लेकिन ठीक होने के बाद उन्होने अपना कार्यभार सम्हाल लिया था। ऐसा कोई नियम नहीं है कि कुलपति को बीमारी से ठीक होने के बाद दोबारा ज्वाइन करने के लिए सर्टिफिकेट देना पड़े। बीमारी के दौरान भी वीसी का अधिकार बकरार रहता है।

# पटना /टुकड़े-टुकड़े गैंग माले को तेजस्वी ने क्यों लगाया गले - अनुराग ठाकुर

**विकास दर साढे 11 फीसदी बढी है, वहीं बिहार में दो एम्स और दो केंद्रीय विद्यालय है। डबल इंजन की सरकार ने बिहार के हर गांव तक बिजली पहुंचाने का काम किया है। हम लोग विकास में विश्वास रखने वाले हैं एनडीए एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है और इसमें से जबरदस्त सफलता हाथ लगेगी।**



**पटना :** केंद्रीय वित्त राज मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार , 27 अक्टूबर को डबल इंजन सरकार की विकास संबंधित उपलब्धियां गिनाई। बिहार महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी यादव पर भी जमकर हमला किया। तेजस्वी से नरसंहार के आरोपियों वामदलों खासकर माले को गले लगाने पर जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि जो अपने मां बाप का नहीं हुआ वह राज्य की जनता का क्या होगा। एनडीए गठबंधन बिहार को आगे ले जाने का काम कर रही है। वे भाजपा मीडिया सेंटर में मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू थे। कहा बिहार में डबल इंजन की सरकार में काफी विकास हुआ है। विकास दर साढे 11 फीसदी बढी है, वहीं बिहार में दो एम्स और दो केंद्रीय विद्यालय है। डबल इंजन की सरकार ने बिहार के हर गांव तक बिजली पहुंचाने का काम किया है। हम लोग विकास में विश्वास रखने वाले हैं एनडीए एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है और इसमें से जबरदस्त सफलता हाथ लगेगी। वहीं, दूसरी तरफ महागठबंधन और राजद पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि आईना कितना भी साफ करने पर चेहरे पर लगा हुआ दाग छुपता नहीं है। तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि बदहवास पार्टियों का गठबंधन राजद वर्ग विभेद फिर से देखना चाहती है। टुकड़े टुकड़े गैंग को गले क्यों लगाया , जब वह अपने पूर्व मुख्यमंत्री रहे मां बाप को भूल गए तो जनता का ख्याल क्या रखेंगे। बिहार की जनता इन पर विश्वास कैसे करेगी। मां- बाप अपने बेटे से यह कहता है कि वोट डालने से पहले यह सोच लेना कि वह नहीं आए मोदी ने बिहार के विकास का पूरा ध्यान दिया है। एनडीए गठबंधन को आगे ले जाने का काम किया है। महंगाई पर विपक्ष को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख, जदयू के प्रदेश प्रवक्ता अजय आलोक, हम के दानिश रिजवान, वीआईपी के नेता और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय यादव मौजूद थे।

# पंजाब और राजस्थान में दरिंदगी की वारदातों पर सियासत गर्म, BJP के आरोपों पर राहुल बोले- न्याय में बाधा डाली तो वहां भी लड़ूंगा

**नई दिल्ली :** पंजाब में होशियारपुर के जलालपुर गांव में अनुसूचित जाति की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना पर भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को ट्वीट कर कहा, ह्यउत्तर प्रदेश के विपरीत, पंजाब और राजस्थान की सरकारों ने इससे इनकार नहीं किया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ, उसके परिवार को धमकाया नहीं और न ही न्याय के रास्ते में रुकावट पैदा की। यदि वे ऐसा करते हैं, तो मैं वहां भी न्याय के लिए लड़ने जाऊंगा।

# बिहार में बोले जेपी नड्डा- कांग्रेस ने मंदिर मुद्दे को लटकाए रखा, मोदी ने निकाला रास्ता

**नालंदा :** एनडीए के प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नालंदा के बाद लखीसराय पहुंचे। उन्होंने कहा कि मोदी-नीतीश हैं तो विकास है, राजद है तो विनाश है। नरेंद्र मोदी ने जातिवाद और क्षेत्रवाद के नाम पर वोट मांगने की परिपाटी को बंद किया है। आज काम पर वोट मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति को बदला है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 25 लाख का पैकेज बिहार को देने वाली बात को लालू प्रसाद ने जुमला बताया था, जबकि मोदी सरकार ने 10 हजार करोड़ शिक्षा, छह हजार स्वास्थ्य, दरभंगा एम्स, 11 मेडिकल कॉलेज, तीन साल में बिहार को दिए।



नड्डा ने कहा कि पीएम जो कहते हैं सो करते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना में एनडीए की सरकार ने 80 करोड़ जनता को खाद्यान्न दिया। 20 करोड़ बहनों के खाथों में लॉकडाउन के समय खाते में रुपये भेजे। स्वच्छता अभियान में शौचालय दिया।







# नीतीश ने कहा- अब लालटेन युग खत्म, हमारी सरकार में बढ़ी बिजली खपत

**वैशाली :** बिहार के सीएम नीतीश कुमार अपनी वैशाली विधानसभा की चुनावी रैली में पहले की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आप सभी का सहयोग चाहिए बिहार को आगे ले जाने के लिए। हम न्याय के साथ विकास कर रहे हैं। किनारे पर रहने वाले अति पिछड़ा, पिछड़ा, अल्प संख्यक, महिला को सम्मान देने के लिए प्रयासरत हैं। लालू सरकार पर हमला करते हुए कहा कि पहले की सरकार में हर घर में बिजली नहीं होती थी अब बिजली मिल रही है। लालटेन युग में सात सौ मेगावाट और अभी छह हजार मेगावाट की खपत है। इसलिए लालटेन युग खत्म हो गया है।

उन्होंने कहा कि जब हम सत्ता में आए थे तब से पहले शहरों में भी बिजली नहीं रहती थी मगर हमने इस दिशा में सकारात्मक काम किया। इसके बाद हर घर में बिजली आई। वहीं कोरोना महामारी पर कहा कि यह पुरी दुनिया मे फैला है, सुधार के लिए बिहार प्रयासरत है। जांच भी अधिक हो रही है और लोग स्वस्थ्य हो रहे हैं। फिर भी प्रयास रहे की आप सचेत रहें। इसी काल में चुनाव हो रहा है, चाह कर भी सभी जगह नहीं पहुच पा रहे हैं। आप का सहयोग चाहिये। अब खेती के लिए बिजली मिल रही है। सभी क्षेत्र मे विकास हुआ है। सभी के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं।

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022





मुंबई, 30 अक्टूबर 2020 से 05 नवम्बर 2020

# महाराष्ट्र से राहत की खबर

## 24 घंटों में यहां कोरोना के नए मामलों में काफी कमी



**मुंबई** : महाराष्ट्र से राहत की खबर सामने आयी है, बीते 24 घंटों में यहां कोरोना के नए मामलों में काफी कमी दर्ज की गई है। सोमवार को राज्य में कोरोना संक्रमण के 3,645 नए मामले सामने आए जिसके बाद राज्य में कुल संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 16,48,665 तक पहुंच चुका है। सोमवार को 84 संक्रमितों की मौत दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में अब तक इस महामारी के कारण 43,344 की मौत हो चुकी हैं जबकि 1,34,137 मरीज सक्रिय बताये गए हैं। 14,70,660 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना संक्रमण 6,059 नए मरीजों की पुष्टि हुई थी और 112 संक्रमितों की मौत दर्ज की गई थी। 5,648 मरीजों को स्वस्थ पाये जाने पर अस्पताल से घर भेज दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में कुल संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 16,45,020 तक पहुंच गया था। रविवार तक 14,60,755 मरीज स्वस्थ हो चुके थे जबकि 43,264 मरीजों की इस महामारी के कारण मौत दर्ज हो चुकी है। कुल 1,40,486 मरीज सक्रिय बताए गए थे, जिनका कोविड अस्पतालों में इलाज चल रहा है। महाराष्ट्र में शनिवार को कोरोना संक्रमण के 6,417 नए मरीज सामने आए थे और 137 संक्रमितों की मौत हुई थी। राज्य में कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 16,38,961 तक पहुंच गई थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में शनिवार को 10,004 मरीजों को स्वस्थ पाए जाने पर अस्पताल से घर भेजा गया था जबकि 1,40,194 मरीज सक्रिय थे। शनिवार तक कुल 14,55,107 मरीज इस महामारी के बाद स्वस्थ हो चुके थे।

वहीं मुंबई में शनिवार को कोरोना संक्रमण के 1,257 नए मरीजों की पुष्टि हुई थी और 50 संक्रमितों की मौत दर्ज की गई थी। शहर में कोरोना महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 10,059 तक पहुंच गई थी। मुंबई में शनिवार तक कुल 2,50,059 मरीज संक्रमित थे। इनमें से 2,21,538 मरीज पूरी तरह स्वस्थ बताये गये थे जबकि 17,977 मरीजों का इलाज चल रहा था।

# कोविड मरीज की मौत से गुस्साए शख्स ने डॉक्टर को मारा था थप्पड़ बॉम्बे हाई कोर्ट ने लगाया 1 लाख रुपये जुमार्ना



**मुंबई** : बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस भारती डांगरे ने एक शख्स पर भारी जुमार्ना लगाया है। यह जुमार्ना उसके एक डॉक्टर को थप्पड़ मारने को लेकर किया गया है। खुद को सोशल वर्कर बताने वाले इस व्यक्ति ने कोविड मरीज की मौत के बाद डॉक्टर को थप्पड़ मारा था।

कोर्ट ने कोरोना काल में मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर को थप्पड़ मारने वाले शख्स को आदेश दिया कि वह सीएम रिलीफ फंड में एक लाख रुपये जमा करे। यह एक लाख रुपये उसे गिरफ्तारी से पहले अंतरिम जमानत के तौर पर देने का आदेश दिया गया है।

कोर्ट ने कहा कि कोविड-19 से जिस मरीज की मौत हुई, उसके परिवार का दुख समझा जा सकता है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि कोरोना काल में डॉक्टर, नर्स और दूसरे मेडिकल स्टाफ निस्वार्थ मरीजों के लिए काम कर रहे हैं। कोरोना महामारी के दौर में ऐसे लोगों को कोरोना योद्धा का दर्जा दिया गया है।

आरोपी शख्स पर बारामती पुलिस ने केस दर्ज किया था। कोर्ट ने आरोपी को अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण था। कि चिकित्सा बिरादरी खुद हमले के लिए मौखिक और शारीरिक रूप से अक्षम थे... उनकी मेहनत की सराहना की जानी चाहिए। अगर उन्हें पुरस्कृत नहीं कर सकते उनके कार्य को ध्यान में ही रखना चाहिए।

शिवाजी जाधव (28) ने अपने वकील श्रीराम चौधरी के जरिए कोर्ट में कहा कि उसके एक नजदीकी रिश्तेदार की मौत होने की सूचना उसे मिली। हो सकता है कि उसने कुछ ज्यादा ही रिएक्ट कर दिया हो। कोर्ट ने आरोपी के इस जवाब को संतोषपूर्ण नहीं माना। कोर्ट ने उनकी याचिका का विरोध करते हुए, सरकारी वकील एसवी गावंद ने कहा कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि जाधव चेतावनी के बावजूद बारामती अस्पताल में परामर्श कक्ष में गए। डॉक्टर को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, नर्सों के साथ भी मौखिक दुर्व्यवहार किया और एक डॉक्टर को मुक्का मारा।

# उप मुख्यमंत्री पवार को हुआ कोरोना मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में हुए भर्ती...

**मुंबई** : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की सोमवार को कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट करके बताया कि उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। बता दें कि करीब चार दिन पहले भी मीडिया रिपोर्ट्स में उनके पॉजिटिव होने की आशंका जताई गई थी। लेकिन तब पवार को लक्षण ना दिखने पर होम आइसोलेशन में रखा गया था।

इससे पहले शनिवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के देवेंद्र फडणवीस कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। उन्होंने खुद ट्वीट करके इसकी जानकारी दी थी।



इसके साथ ही उन्होंने अपने संपर्क में आने वाले लोगों से जरूरत पड़ने पर टेस्ट करवाने को भी कहा था। उन्होंने कहा कि ह्यमैं लॉकडाउन के बाद से हर एक दिन काम कर रहा था लेकिन अब मुझे लगता है कि भगवान भी यही चाहते हैं कि मैं थोड़ी देर के लिए रूक जाऊं और छुट्टी ले लूंह्न। उन्होंने कहा है कि डॉक्टरों की निगरानी में मेरा इलाज चल रहा है और मैंने अपने आपको आईसोलेट भी कर लिया है।

दरअसल, देवेंद्र फडणवीस को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने उन्हें बिहार का प्रभारी बनाया था। इसी सिलसिले में वे लगातार बिहार में कई रैलियों और सभाओं में हिस्सा ले रहे थे। इसी बीच वे लगातार बिहार से मुंबई भी आवाजाही कर रहे थे। राज्य में कोरोना के आंकड़े लगातार कम हो रहे हैं। रविवार को 45 हजार 590 नए कोरोना मामले सामने आए तो वहीं इसी दौरान 460 संक्रमितों की मौत हो गई। मालूम हो कि मौतों का यह आंकड़ा बीते करीब 100 दिनों में सबसे कम है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैंग्रोव के पेड़ों को काटने वाले 9 लोगो पर मुकदमा दर्ज

**वसई** : वालीव पुलिस ने मैंग्रोव की कटाई करने वाले 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है ।उक्त कार्रवाई वसई प्रांत अधिकारी के शिकायत पर हुई है। जानकारी के अनुसार नायगांव पूर्व के जुचन्द्र इलाके के सर्वे क्रमांक 85,5 ब में 25 सितंबर को मिलन गोविंद राव पाटील, सुवर्णा मिलन पाटील, दीनार कृष्णराव म्हात्रे, पराग कृष्ण राव म्हात्रे, विजय गोविंदराव पाटील, संजीव बालचंद्र रखवी, दिलीप पाटील, नवनाथ पाटील व परनिद रमाकांत देवरे ने भारी मात्रा में मैंग्रोव के पेड़ों को काटकर मिट्टी में दबाकर रास्ता बना दिया था।

जब उक्त मामले की शिकायत वसई के प्रांत अधिकारी स्वप्निल तांगडे से किया गया। उसके बाद प्रांत अधिकारी ने शनिवार को वालीव पुलिस स्टेशन में जाकर शिकायत दर्ज कराया। पुलिस पर्यावरण संरक्षण कायदा के धारा 15,19 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### काली- पीली टैक्सी को पूरी क्षमता से चलने दिया जाए - ए एल क्वाड्रोस

**मुंबई** : काली पीली टैक्सियों को पूरी क्षमता से यात्रियों को लेकर जाने के अनुमति देने की मांग मुंबई टैक्सीमेंस यूनियन ने की है। यूनियन के महासचिव ए एल क्वाड्रोस ने राज्य सरकार से यह मांग की है। उन्होंने बताया कि टैक्सी चालकों को 4 और 6 यात्रियों को ले जाने की अनुमति देनी चाहिए और 31 मई 2020 के उस आदेश रद्द किया जाना चाहिए जिसमे केवल अत्यावश्यक सेवा के यात्रियों को ले जाने की अनुमति दी गई थी। क्वाड्रोस ने कहा कि हालाँकि अगस्त में सरकार ने 3 यात्रियों को ले जाने की अनुमति दी है लेकिन यह नाकाफी है और टैक्सी चालक काफी आर्थिक परेशानी में हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुंबई में बेस्ट की बसों में पूरी क्षमता से यात्रियों को ले जाने की अनुमति दी गई। उसी तरह अब टैक्सी चालकों को पूरी क्षमता से

### शिवसेना के लोनावला इकाई के पूर्व प्रमुख की गोली मारकर हत्या

**पुणे** : महाराष्ट्र के लोनावला शहर में शिवसेना की स्थानीय इकाई के पूर्व प्रमुख की सोमवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव देशमुख ने बताया कि राहुल शेट्टी लोनावला के जयचंद चौक पर स्थित अपनी चाय की दुकान के बाहर थे, तभी उन्हें गोली मारी गई। उन्होंने बताया कि वहां दो व्यक्ति थे। जब शेट्टी अपनी चाय की दुकान के बाहर थे तो उनमें से एक व्यक्ति ने उन्हें तीन गोलियां मारीं।अधिकारी ने बताया कि शेट्टी को जख्मी हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देशमुख ने बताया कि हम इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है।

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022





## हिम्मत हो तो मेरी सरकार गिराकर दिखाओ

# उद्धव ठाकरे की भाजपा को चुनौती



**मुंबई :** शिवसेना अध्यक्ष व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को अपनी पार्टी की परंपरागत दशहरा रैली में भाजपा पर प्रहार करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के ही वक्तव्यों का सहारा लिया। साथ ही, उन्होंने भाजपा को यह चुनौती भी दे डाली कि हिम्मत हो तो मेरी सरकार गिराकर दिखाओ। महाराष्ट्र में मंदिरों को खोलने को लेकर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक पत्र लिखा था। इस पत्र में राज्यपाल ने शिवसेना को उसकी हिंदुत्वनिष्ठ विचारधारा की भी याद दिलाई थी। राज्यपाल के इस पत्र का जवाब उद्धव पहले भी दे चुके हैं। पार्टी की दशहरा रैली में भी उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत का एक वक्तव्य उद्धत करते हुए इसका जवाब दिया। मोहन भागवत ने रविवार को ही सुबह कहा था कि सिर्फ देव, मंदिर, पूजा, अर्चना ही हमारा हिंदुत्व नहीं है। उद्धव ने भागवत के इसी वाक्य का सहारा लेते हुए भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि आज जो लोग हमें हिंदुत्व सिखा रहे हैं, बाबरी ढांचा ढहाए जाते समय उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी थी? इस दौरान उद्धव ने गोवंश पर भी भाजपा की नीतियों को घेरा। उन्होंने कहा कि ये हिंदुत्व हमें नहीं चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि गोवा में गोवंश वध पर बंदी क्यों नहीं है?

शिवाजी पार्क के ठीक सामने स्थित सावरकर संस्थान के सभागार में अत्यंत सीमित संख्या में शिवसैनिकों को संबोधित करते हुए उद्धव ने मोहन भागवत के एक और वाक्य को भाजपा पर हमले के लिए इस्तेमाल किया। भागवत ने कहा था कि राजनीति का मतलब युद्ध नहीं है। उद्धव ने कहा कि ये बात भाजपा को समझनी चाहिए, जो विपक्ष को खत्म करना चाह रही है। उन्होंने बिहार चुनाव में भाजपा और जदयू गठबंधन पर भी यह कहते हुए निशाना साधा कि बिहार में भाजपा ने नीतीश कुमार को अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर रखा है।

## ठाणे / शेयर कारोबारी से रंगदारी वसूली के मामले में दो गिरफ्तार



**ठाणे :** ठाणे शहर में शेयर कारोबारी को आतंकित कर कथित रूप से रंगदारी वसूल करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि कोरोना वायरस महामारी से पहले वह अपने एजेंटों एवं निवेशकों को नियमित तौर पर धन का भुगतान कर रहा था। शहर के कोपरी इलाके में उसका कार्यालय स्थित है। कोपरी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने शिकायतकर्ता के हवाले से बताया कि महामारी के दौरान स्थिति काफी गंभीर हो गयी और वह भुगतान नहीं कर सका। शिकायतकर्ता के माध्यम से 92 लाख रुपये का निवेश करने वाले एक व्यक्ति ने अपना पैसा अचानक वापस मांगा। उन्होंने बताया कि जब शिकायतकर्ता ने भुगतान करने में अपनी अक्षमता जाहिर की तो उसने और उसके सहयोगी किशोर आढव तथा कुछ अन्य लोगों ने कथित रूप से उसकी पिटाई कर दी। अधिकारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को चार लोग स्वयं को आढव का दोस्त बताते हुये शिकायतकर्ता के कार्यालय में आए और उसे ठाणे में अपना व्यवसाय जारी रखने के लिये 50 लाख रुपये देने की मांग की तथा दो लाख रुपये हर महीने ह्रासुरक्षा मनी के रूप में देने की मांग की।

## ठाणे कोर्ट से जमानत याचिका खारिज, टीएमसी अधिकारी पहुंचा हाई कोर्ट



**ठाणे :** ठाणे मनपा के निलंबित सहायक आयुक्त सुनील मोरे ने जमानत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। ठाणे न्यायालय से जमानत नामंजूर किए जाने के बाद मोरे ने अब मुंबई उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। मोरे ने संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए ठाणे न्यायालय में गुहार लगाई थी, लेकिन मंगलवार को हुई सुनवाई में न्यायालय ने उसकी याचिका को खारिज कर दी। दूसरी तरफ ठाणे न्यायालय से याचिका खारिज होने के बावजूद पुलिस ने मोरे को गिरफ्तार नहीं किया है।

शिल डायघर पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई चंद्रकांत जाधव का कहना है कि इस मामले में छानबीन चल रही है। मोरे के ठिकाने का पता नहीं लग पाया है और न्यायालय में जाने से गिरफ्तारी में अड़चन बनी हुई है। हालांकि जानकारों के मुताबिक मोरे शहर में घूम रहा है और पुलिस मामले में लापरवाही बनी है। पता हो कि 17 अगस्त को मोरे का तबादला चुनाव विभाग में हुआ था।

## एक्ट्रेस पायल घोष रामदास आठवले की पार्टी में शामिल होंगी, मिल सकता है उपाध्यक्ष का पद



**मुंबई :** फिल्म अभिनेत्री पायल घोष जल्द ही रामदास आठवले की पार्टी आरपीआई (RPI ) में शामिल होंगी। इस बात की अटकलें काफी दिनों से चल रही थी। जिनकी अब पुष्टि हो चुकी है जल्द ही केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले पायल घोष को अपनी पार्टी में शामिल करवाएंगे। पायल घोष के साथ उनके वकील भी पार्टी में शामिल हो सकते हैं।

**महिला मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है**

आरपीआई में पायल घोष को महिला मोर्चा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने की अटकलें फिलहाल चल रही हैं। वहीं उनके वकील को भी एडवोकेट विंग में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने के कयास लगाया जा रहे हैं।

**अनुराग कश्यप पर मी टू का आरोप लगा चुकी हैं**

पायल घोष ने हाल ही में फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप पर मी टू का आरोप लगाया था।

इस बाबत उन्होंने मुंबई के ओशिवारा पुलिस स्टेशन में मामला भी दर्ज करवाया है। हालांकि उनके इस आरोप का अनुराग कश्यप की तरफ से खंडन किया गया था।

**आठवले ने किया था सपोर्ट**

केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री और आरपीआई के मुखिया रामदास आठवले ने पायल घोष का इस मामले में समर्थन किया था और उन्होंने पायल घोष से मुलाकात भी की थी। इतना ही नहीं पायल घोष को लेकर रामदास आठवले महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से भी मिले थे और पायल ने वहां पर भी अपनी सुरक्षा और न्याय के लिए मांग की थी।

## महिला के साथ चैन स्नैचिंग

**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस स्टेशन अंतर्गत विजयनगर क्षेत्र में एक 36 वर्षीय महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर अज्ञात लुटेरे फरार हो गए। जानकारी के अनुसार पूर्व क्षेत्र के तुलिंज की रहनेवाली रिंकी प्रजापति (36) नामक महिला सोमवार की सुबह 6:30 बजे के आसपास विजयनगर क्षेत्र में जा रही थी। उसी दौरान दो अज्ञात शख्स काले रंग की मोटरसाइकिल से महिला के पास आ गए। और मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे शख्स ने जबरन महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गए।

## कोल्हापुर जिले के सामाजिक कार्यकर्ता ने आत्महत्या की

**पुणे :** महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के इचलकरंजी तहसील के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने स्थानीय निकाय कर्मचारी के साथ बहस होने के कुछ दिन बाद आत्महत्या कर ली। सामाजिक कार्यकर्ता ने उसके विरूद्ध शिकायत की थी। इचलकरंजी के शिवाजीनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मरने वाले नरेश भोरे ने कचरा ढोने वाले एक ट्रक के चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। भोरे ने ट्रक चालक के खिलाफ एक मरे हुये सुअर को वाहन के पिछले हिस्से में बांध कर उसे घसीटने का आरोप लगाया था।

## मुंबई से दो महीने में एक बार ड्रग्स की डिलीवरी देने आता था डीलर



**मुंबई :** ट्विनसिटी के रिसाली इलाके से रायपुर पुलिस के हत्थे चढ़े ड्रग पैडलर आशीष जोशी और उसकी मंगेतर निकिता पांचाल को ड्रग्स की डिलीवरी देने वाले मुंबई के ड्रग डीलर रायडन बैथेलो ने पुलिस की पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं।

वह करीब ढाई साल से निकिता और आशीष के संपर्क में था। आशीष से उसकी मुलाकात रायपुर में एक पार्टी के दौरान हुई थी। इसके बाद निकिता उसके संपर्क में आ गई। पिछले दो साल में वह हर महीने मुंबई से ड्रग्स की डिलीवरी देने के लिए आता था। ड्रग पैडलर्स की गैंग में शामिल 3 युवक और 2 युवतियां मोबाइल बंद करके राज्य से बाहर भाग गई है।

पुलिस नेटवर्क से जुड़े फरार पैडलर्स की लगातार तलाश कर रही है। ड्रग पार्टी के दौरान उसकी पहचान आशीष से हुई थी। आशीष ने बाद मे उसकी मंगेतर से मुलाकात हुई।

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022



# माइग्रेन के दर्द से पाना है छुटकारा तो अपनाएं ये टिप्स



बढ़ते स्ट्रेस के चलते आजकल काफी लोग माइग्रेन यानि आधे सिर दर्द से परेशान हैं। घर और ऑफिस को संभालते-संभालते औरतें भी अक्सर माइग्रेन की शिकार हो जाती हैं। असल में इस बीमारी के इलाज की कोई खास दवा नहीं हैं, आप अपनी डाइट में कुछ सिंपल सी चीजों को ऐड करके इस प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकती हैं। तो चलिए जानते हैं माइग्रेन से छुटकारा पाने के लिए हैल्दी डाइट टिप्स...

**शकरकंदी-** शकरकंदी के एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व माइग्रेन की समस्या में होने वाले सिर दर्द से हमें बचाकर रखते हैं। शरीर में होमोसिस्टीन का लेवल बढ़ने के कारण सिर के आधे हिस्से में दर्द होने लगती है। शकरकंदी में भरपूर मात्रा में विटामिन बी-६ पाया जाता है, जो शरीर में होमोसिस्टीन नाम के अमीनो एसिड के स्तर को कम करने में सहायक होता है।

**सेलेरी –** सेलेरी एपियासी परिवार का एक पौधा है, जिसमें गाजर भी शामिल है। सेलेरी को दुनिया भर में सब्जी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है तो कुछ जगह पर इसे दवा के रूप में भी यूज किया जाता है। सेलेरी में मौजूद एंटी इंफ्लामेंटरी तत्व दिमाग की नसों में पैदा हुई सूजन को कम कर सिर दर्द में आराम दिलाते हैं।

**अदरक-** माइग्रेन का दर्द असहनीय होता है, इसे प्राकृतिक रूप से दूर करने के लिए अदरक की चाय पियें, अदरक में पाये जाने वाले तत्?व माइग्रेन के दर्द पर काबू पाने में सहायक हैं। कई महिलाओं को माइग्रेन के कारण उल्टी और नौसा की समस्या का भी सामना करना पड़ता है, ऐसे में अदरक की चाय पीने से काफी राहत मिलती है।

**किनोआ –** किनोआ एक प्रकार का दलिया होता है जिसमें मैग्नीशियम, कैल्शियम और विटामिन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। दूध और मक्खन से कहीं ज्यादा एमिनो एसिड किनोआ में पाया जाता है। मधुमेह, एनीमिया से लेकर माइग्रेन में किनोआ अपना बहुत अच्छा असर दिखाता है।

**कॉफी पीना भी है फायदेमंद**

जिस तरह नॉर्मल सिर दर्द में कॉफी और चाय पीना फायदेमंद है उसी तरह माइग्रेन में भी ये काफी मददगार है। माइग्रेन अटैक आने पर कॉफी पीने से काफी हद तक राहत मिलती है।

**रेड वाइन और ब्रॉकली**

वाइन,बीयर और ब्रॉकली में टायरामाइन पाया जाता है जो माइग्रेन के दर्द को दूर करने में मदद करता है। साथ ही ब्रॉकली में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है। जिससे माइग्रेन के दर्द में राहत मिलती है।

**नट्स भी करते हैं फायदा**

माइग्रेन का दर्द सताए, तो नट्स खाएं। इनमें मैग्नीशियम अधिक मात्रा में पाया जाता है, जो हमारे शरीर में रक्त परिसंचरण को बढ़ाने में सहायता करते हैं। रोजाना सुबह उठकर ५ बादाम खाने से माइग्रेन जैसी परेशानी होती ही नहीं है। इसलिए आज से ही रोज रात को ५ बादाम पानी में भिगोकर सोएं, सुबह उठकर इन्हें छीलकर खाएं।

**खूब पिएं पानी**

शरीर के सभी अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने के लिए जल एक महत्वपूर्ण तत्व है। निर्जलीकरण होने पर, जब हमारे शरीर से पानी बाहर निकल जाता है, तो इस स्थिति में भी सिरदर्द और माइग्रेन होता है। उचित मात्रा में पानी पीने से माइग्रेन के दर्द को नियंत्रित किया जा सकता है। पानी के साथ-साथ खूब सारा सलाद भी खाएं।

**असहनीय दर्द से पीड़ित लोग कर सकते हैं इस दवा का सेवन**

ऐम्गन और नोवार्टिस द्वारा डिजाइन की गई इस नई दवा का नाम एमोविग है। यह एक मासिक इंजेक्शन है जो एक डिवाइस के साथ आता है जो देखने में इंसुलिन पेन जैसा होता है।

# स्किन ही नहीं बालों के लिए भी फायदेमंद है खीरो

**खीरा** न केवल सलाद के तौर पर खाने के लिए अच्छा है बल्कि यह हमारी त्वचा के लिए भी बहुत अच्छा होता है। अकसर हम खीरे को सिर्फ फेसपैक के तौर पर इस्तेमाल करते हैं लेकिन खीरे के इसके अतिरिक्त भी कई तरह के फायदे है। जिससे हम अपनी स्किन,बालों व आखों को और भी सुंदर बना सकते हैं।

यह है खीरे के फायदे

स्किन जलन को करता है दूर

आईब्रो बनवाने के बाद अगर स्किन पर जलन हो रही है तो खीरे के पतले स्लाइस काट कर कुछ देर के लिए स्किन पर रख लें। इससे स्किन की जलन दूर होने के साथ स्किन की रैडनेस भी खत्म हो जाएगी।

डैंड्रफ को करता है दूर

बालों में अगर डैंड्रफ हो चुकी है तो खीरे के छिलके उतार कर कद्दूकस कर लें, इसमें एक अंडा व थोड़ा सा नमक मिला कर अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को थोड़ी देर सिर पर लगा कर वाश कर लें।



इससे डैंड्रफ तो दूर होगी ही साथ ही बाल भी मुलायम हो जाएंगे।

दूर करेगा काले घेरे

आखों के नीचे अगर काले घेरे बन गए है तो सुबह उठ कर खीरे के स्लाइस को काट कर १५ मिनट के आखों के नीचे रख लें। हर रोज १५ मिनट ऐसा करने से काले घेरे दूर हो जाएगें।

मूंह से बदबू को करेगा दूर

अगर आपके या आपके पार्टनर के मुंह से बदबू आ रही है तो एक या दो स्लाइस खीरें के खा लें। कुछ ही मिनटों में बदबू दूर हो जाएगी।

सूखे होंठ

होंठ सूख चुके हैं तो खीरे के छिलके पर थोड़ी सी चीनी डाल कर कम से कम ५ मिनट तक होठों पर रगड़ें। इससे आपके होंठ मुलायम व सुंदर हो जाएंगे।

सनबर्न में होगा असरदार

अगर ज्यादा देर धूप में रहने के कारण आपकी स्किन सनबर्न हो चुकी है तो आप खीरे के छोटे छोटे पीस करके उसमें एलोवेरा जेल डाल कर मिक्सी में पीस लें। अब उसमें थोड़ा सा पानी डाल कर लिक्वड बना लें। जब भी धूप में से बाहर आए तो स्किन पर इसे स्प्रे कर लें। इससे सनबर्न तो ठीक होगा ही आपकी स्किन भी सुंदर बनेगी।

## राशिफल

**मेष राशि:** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। नौकरी में इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष राशि:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। शैक्षिक कार्यों में कठिनाई आ सकती है। कार्यक्षेत्र में व्यवधान आ सकते हैं।

**मिथुन राशि:** मानसिक शान्ति तो रहेगी, लेकिन स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। रहन-सहन में असहज रहेंगें।

**कर्क राशि:** मन अशान्त रहेगा। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह राशि :** आत्मविश्वास में कमी आएगी। पिता को स्वास्थ विकार हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या राशि:** मन अशान्त रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगें। रहन-सहन कष्टदायी हो सकता है।

**तुला राशि:** ।आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। खर्चों की अधिकता रहेगी। स्वास्थ?य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशि:** मित्रों व सहयोगियों से आशा के अनुसार समर्थन नहीं मिलेगा।

**धनु राशि:** परिवार में मेहमानों का आगमन हो सकता है। मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा हो सकती है।

**मकर राशि:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है।

**कुंभ राशि:** क्रोध के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। माता से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मीन राशि:** ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

## लघुकथा

# झाड़फानूस

घर पर ऊब रही कुछ अमीर औरतों ने हम सक्रिय हैं संस्था का गठन किया। अपनी संस्था का पहला समारोह उन्होंने दिल्ली के एक वातानुकूलित सभाग्रह में मनाया। विषय था– झुग्गी झोपड़ियाँ और आन्तरिक सज्जा।

भाषण के बाद अध्यक्ष महोदया ने नीलामी से खरीदे गए एक झाड़फानूस का जिक्र करते हुए कहा, चूँकि ये हमारी पुरानी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है उन्हें हर झोंपड़ी में होना ही चाहिए। तभी दो बच्चे जिनके शरीर पर फटे कपड़े थे और भुखमरी के कारण जिनके बदन में शायद पूरी जान भी न थी, उस फानूस को स्टेज पर प्रदर्शन के लिए रखने आये। एकाएक फानूस उनके हाथ से गिरा और न जाने कितने बच्चों की शक्ल में बिखर गया।



ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022





# अमीषा का डर्टी एक्सपीरियंस! बोली, मेरा रेप और मर्डर हो सकता था

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान बॉलीवुड सितारों को प्रचार के लिए बुलाना नई बात नहीं है। उनके साथ विवाद भी खड़ा होता रहा है। ऐसा ही एक मामला औरंगाबाद की ओबरा सीट के लोक जनशक्ति पार्टी के प्रत्याशी डॉ. प्रकाश चंद्रा के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचीं बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल के साथ जुड़ा है। बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें काफी डर्टी एक्सपीरियंस मिला है। इस गंदे अनुभव को उन्होंने साझा भी किया। अमीषा ने प्रत्याशी डॉ. चंद्रा पर जबरन चुनाव प्रचार कराने तथा भीड़ में भेजने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस प्रचार के दौरान उनका रेप और मर्डर तक हो सकता था।

अमीषा पटेल का कहना है कि बिहार पहुंचने के बाद डॉ. प्रकाश चंद्रा ने उन्हें जबरन चुनाव प्रचार कराने के लिए ब्लैकमेल किया। बताया कि चुनाव प्रचार पटना के नजदीक करना है, लेकिन उन्हें पटना से काफी दूर ओबरा ले जाया गया।

# लक्ष्मी बम का बदला गया टाइटल, अक्षय कुमार की फिल्म का नया नाम



**फिल्म** अभिनेता अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म लक्ष्मी बम का ट्रेलर सोशल मीडिया पर आने के बाद काफी वायरल हुआ था' इस फिल्म में अक्षय कुमार एक ट्रांसजेंडर की भूमिका में भी नजर आएंगे' आज फिल्म के निर्देशक राघव लॉरेंस सेंसर सर्टिफिकेट के लिए गए थे' इस मौके पर सीबीएफसी के साथ हुई चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि दर्शकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए फिल्म के निर्माता शबीना खान, तुषार कपूर और अक्षय कुमार ने टाइटल लक्ष्मी करने का निर्णय लिया है'

इस फिल्म का नाम अब लक्ष्मी बम से बदलकर लक्ष्मी कर दिया गया है' इस फिल्म में अक्षय कुमार और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है' फिल्म लक्ष्मी 9 नवंबर को रिलीज होगी' इसके पहले अक्षय कुमार की फिल्म के टाइटल को लेकर काफी विवाद भी हुआ था और सोशल मीडिया पर फिल्म का बॉयकॉट करने की भी मांग तेज होती जा रही थी' फिल्म के टाइटल को लेकर श्री राजपूत करणी सेना ने फिल्म के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भी जारी किया था।

# शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं अदिति राव हैदरी, निजी जीवन को नहीं करती हैं जग जाहिर



बॉलीवुड में कई ऐसे अभिनेता और अभिनेत्रियां हैं जो शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्हीं में से एक हैं अभिनेत्री अदिति राव हैदरी। अदिति राव हैदरी का जन्म 28 अक्तूबर 1986 को हैदराबाद के शाही परिवार में हुआ था। अदिति आज अपना 34वां जन्मदिन मनाने जा रही हैं। अदिति के जन्मदिन के मौके पर आपको बताते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें।

बॉलीवुड में कई ऐसे अभिनेता और अभिनेत्रियां हैं जो शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्हीं में से एक हैं अभिनेत्री अदिति राव हैदरी। अदिति राव हैदरी का जन्म 28 अक्तूबर 1986 को हैदराबाद के शाही परिवार में हुआ था। अदिति आज अपना 34वां जन्मदिन मनाने जा रही हैं। अदिति के जन्मदिन के मौके पर आपको बताते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें।

अदिति की पढ़ाई आंध्र प्रदेश के लेडी श्रीराम कॉलेज से हुई है।एक इंटरव्यू में अदिति ने बताया था कि उनके पैरेंट्स की लव मैरिज हुई थी। लेकिन जब वो दो साल की थीं तो दोनों अलग हो गए। वो अपनी मां के साथ दिल्ली आ गईं। अदिति की मां एक ठुमरी गायिका थीं। तलाक के बाद अदिति के पिता उनकी कस्टडी चाहते थे लेकिन अदिति ने कभी अपनी मां को नहीं छोड़ा। अदिति एक बेहतरीन एक्ट्रेस के साथ ट्रेंड भरतनाट्यम डांसर भी हैं। उन्होंने छह साल की उम्र से भरतनाट्यम सीखना शुरू किया था। वो जानी-मानी डांसर लीला सैमसन की शिष्या रह चुकी हैं।

# इमरान हाशमी के गाने पर मोनालिसा का दलकश डांस




इमरान

भोजपुरी फिल्मों के बाद हिंदी टीवी सीरियल में अपनी ऐक्टिंग से छा जाने वाली ऐक्ट्रेस मोनालिसा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को बीते रोज उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में मोनालिसा षष्ठी पूजा के लिए पीली साड़ी में तैयार दिखाई दे रही हैं। इस पीली साड़ी में मोनालिसा बॉलिवुड ऐक्टर इमरान हाशमी के हिट सॉन्ग चलो जी आज साफ साफ कहता हूं पर दिलकश डांस करती हुई नजर आ रही हैं।

दर्शक उनके इस डांस वीडियो को काफी एंजॉय भी कर रहे हैं। मोनालिसा के फैंस को उनका पीली साड़ी में ग्लैमरस अवतार काफी पसंद आ रहा है और वह अपने लाइक्स और कॉमेंट्स से उनकी खूब तारीफ भी कर रहे हैं। बता दें कि मोनालिसा भोजपुरी फिल्मों की एक पॉप्युलर ऐक्ट्रेस हैं। इन्हें आखिरी बार लॉकडाउन से पहले टीलीविजन शो ह्यनजरह्व में देखा गया था। इस शो में वह एक डायन की भूमिका निभा रही थीं।

# राहुल के नेपोटिज्म कमेंट पर गौहर खान का रिएक्शन, जान को किया सपोर्ट





जान कुमार सानू पर नेपोटिज्म का कमेंट कर सिंगर राहुल वैद्य एकदम से चर्चा में आ गए हैं. राहुल की इस बात का घर में बड़ा मुद्दा बना. जान और राहुल के बीच काफी बहसबाजी भी हुई. अब सीनियर बनकर पिछले दिनों बिग बॉस हाउस में गईं गौहर खान ने जान को सपोर्ट दिया है. गौहर ने नेपोटिज्म विवाद पर कमेंट करते हुए कहा- आजकल सेल्फ अटेंशन के लिए नेपोटिज्म का मुद्दा उठाना आसान बात है. जान कुमार सानू तुम्हारे पिता एक लेजेंड हैं और इस बात पर तुम गर्व करो. इस फैक्ट पर तुम्हें और गर्व करने जरूरत है कि बिग बॉस में तुम बतौर जान कुमार सानू आए हो. तुम तुम हो. चिंता मत करो खुश रहो.

ऑल इंडिया ब्रिगेड • हिंदी समाचार पत्र
Postal Regd. : MCN/265-2020-2022



# जिला स्तरीय नेताओं के साथ एक ऑनलाइन बैठक

# उद्धव ठाकरे की टिप्पणी को नजरंदाज कर गए शरद पवार

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के उस कथित बयान को ज्यादा तवज्जो नहीं दी कि वह चाहते हैं कि उनकी पार्टी शिवसेना एक दिन अपने दम पर सरकार बनाए। प्रदेश में अभी शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस की गठबंधन सरकार है। शिवसेना विधायक और प्रवक्ता प्रताप सरनाइक के मुताबिक ठाकरे ने मंगलवार को जिला स्तरीय नेताओं के साथ एक ऑनलाइन बैठक में उनसे भविष्य में और मेहनत करने को कहा, जिससे पार्टी अपने दम पर सत्ता में आ सके।

पवार ने नासिक में कि ऐसी अपील सामान्य बात है।



उन्होंने कहा, मैं बीते 30 वर्षों से (शिवसेना के) भगवा झंडे को फहराने (सरकार के मुख्यालय पर) के बारे में सुन रहा हूं। यह कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए कहा जाता है। पवार ने कहा, इसके कुछ और मायने तलाशने की जरूरत नहीं है। आप (तीनों दल) बीजेपी को दूर रखने के लिये साथ आए हैं और इसके अच्छे नतीजे हैं। मैं सिर्फ यही कह सकता हूं कि साथ में शासन कीजिए। उन्होंने कहा, ह्यउद्धव ठाकरे, प्रदेश एनसीपी अध्यक्ष जयंत पाटील और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बालासाहेब थोरट जो भी फैसला करें, वह हम सभी पर बाध्यकारी है ह्वीं, पवार ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर उनकी किताब जन राज्यपाल को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान में ऐसे पद का उल्लेख नहीं है और धर्मनिरपेक्षता पर मुख्यमंत्री को दी गई उनकी सलाह का भी किताब में जिक्र नहीं है। कोश्यारी को लिखे गए 21 अक्टूबर की तारीख वाले एक पत्र में पवार ने कहा कि उन्हें उनकी किताब प्राप्त हुई जो राज्यपाल के एक वर्ष के कार्यकाल को दर्शाती है। पवार ने लिखा, ह्यशब्द जन राज्यपाल का भारतीय संविधान में कहीं उल्लेख नहीं है, इसके बावजूद राज्य सरकार ने इसे (किताब को) प्रकाशित किया।

पवार ने व्यंग्यपूर्ण लहजे में लिखा, किताब में धर्मनिरपेक्षता पर मुख्यमंत्री को दी गई आपकी सलाह के बारे में भी जानकारी नहीं है, जिस पर कई केंद्रीय मंत्रियों ने संज्ञान लिया था। पवार ने किताब भेजने के लिये कोश्यारी को पत्र में धन्यवाद भी कहा।

# ब्वॉयफ्रेंड के साथ आपत्तिजनक हालात में दिखी महिला, प्रेमी संग मिलकर सास को पत्थरों से कुचल डाला



**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुंबई में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपनी सास की हत्या कर दी. पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को अरेस्ट कर लिया है. दरअसल, सास ने अपनी बहू को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालात में देख लिया था. वह अपने बेटे को बहू की इस नाजायज रिश्ते के बारे में बताने वाली थी. सास ऐसा कुछ करती इससे पहले ही बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर सास को पत्थरों से कुचलकर मार डाला.

मुंबई पुलिस जोन 11 के उऊढ विशाल ठाकुर ने कहा, एक औरत ने अपने प्रेमी के साथ प्लान बनाकर अपनी सास की हत्या की. दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. सास अपनी बहू के अवैध संबंधों की बात बेटे को बताने वाली थी जिसके चलते पत्थर से उसका सिर कुचलकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने अपनी आधिकारिक जानकारी में बताया है कि मुंबई की उपनगरीय बस्ती बोरिवली में महात्मा फुले इलाके से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया.

# मराठी भाषा का अपमान जान कुमार शानू को बिग बॉस से हकालो! वरना शो नहीं होने देंगे!




**ठाणे :** कलर्स टीवी पर प्रसारित हो रहे ह्यबिग बॉस-१४ के एक एपिसोड में मराठी भाषा का अपमान किया गया है। शो में दो प्रतियोगियों द्वारा आपस में मराठी भाषा में बात करने पर वहां मौजूद तीसरे प्रतियोगी जान कुमार शानू ने जिस कड़वी भाषा में मराठी की बजाय हिंदी भाषा में बोलने के लिए कहा, उसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मराठी भाषा का अपमान है। कलर्स टीवी ने मराठी द्रोही कुमार शानू को यदि इस शो से बाहर नहीं किया तो सेट पर आकर शिवसेना स्टाइल में आंदोलन किया जाएगा! ऐसी सख्त चेतावनी शिवसेना प्रवक्ता एवं विधायक प्रताप सरनाईक ने दी है।

शिवसेना प्रवक्ता प्रताप सरनाईक ने कहा कि ह्यबिग बॉस शो को महाराष्ट्रीयन दर्शक ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसलिए शो को टीआरपी मिल रही है।

# बिल्डिंग बनने पर भड़के नितिन गडकरी ने कहा कि यह अभिनंदन नहीं, शर्म की बात है मेरे लिए

## हम 2 साल में 1 लाख करोड़ से दिल्ली-मुंबई हाईवे बनाने की बात कर रहे हैं, यहां दो-ढाई सौ करोड़ की बिल्डिंग 9 साल में बन रही है

संवाददाता

**नई दिल्ली :** केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह एनएचएआई के वर्क कल्चर पर नाराजगी जताते हुए अफसरों को जमकर फटकार लगा रहे हैं। वीडियो सोमवार का है जब दिल्ली के द्वारका में एनएचएआई की नई बिल्डिंग का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उद्घाटन कर रहे थे। अपनी स्पीच में केंद्रीय मंत्री ने बिल्डिंग निर्माण में देरी पर न सिर्फ नाराजगी जताई बल्कि यह भी कहा कि एनएचएआई में सुधार की जरूरत है। उन ह्यनॉन परफॉर्मिंग एसेट्स को बाहर का रास्ता दिखाने की जरूरत है जो चीजों को उलझाते हैं और अड़चने पैदा कर



प्रोजेक्ट्स में देरी करते हैं। गडकरी ने कहा कि दो-ढाई सौ करोड़ का काम 9 सालों में पूरा होने पर उन्हें शर्म आती है।

गडकरी के तेवर इतने सख्त थे कि उन्होंने अपनी स्पीच की शुरूआत में ही एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, ह्यऐसे कार्यक्रम में प्रथा होती है कि कोई भी कार्य पूरा होने के बाद उनका अभिनंदन और शुभेच्छाएं देने की प्रथा है। लेकिन मुझे संकोच हो रहा है कि मैं आपका अभिनंदन कैसे करूं क्योंकि 2008 में तय हुआ था कि इस प्रकार से बिल्डिंग बनेगी। 2011 में इसको टेंडर अवॉर्ड हुआ और ये 2 ढाई सौ करोड़ का काम 9 साल बाद आज पूरा हुआ। इस काम को पूरा देखने के लिए 2 सरकारें और 8 चेयरमैन लगे और उसके बाद जाकर यह काम पूरा हुआ तो वर्तमान चेयरमैन और मेंबर बेचारे उनका इस काम से कोई संबंध नहीं है।

नितिन गडकरी ने बिल्डिंग निर्माण में देरी पर तंज कसते हुए कहा, ह्यजिन महान हस्तियों ने 2011 से लेकर 2020 तक इस पर काम किया है, उनके लिए संभव हुआ तो चेयरमैन साहब उन सभी सीजीएम और जीएम की फोटो इस ऑफिस में जरूर लगा देना कि जिन्होंने 9 साल तक इस काम को सिर्फ निर्णय न कर पाने के कारण देरी की और जो उन्होंने 9 साल की देरी की तो उनका इतिहास भी सामने आए।

नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें इतनी देरी को देखकर शर्म आती है। उन्होंने कहा, अब हम गौरव से कहते हैं कि दिल्ली-मुंबई हाईवे हम 2 साल में पूरा करेंगे, 80 हजार या 1 लाख करोड़ का काम। 1 लाख करोड़ के काम के लिए अगर 3 साल, साढ़े 3 साल लगेंगे और ये अगर 200 करोड़ के काम के लिए हमने 10 साल लगाए तो कहीं न कहीं ये अभिनंदन करने वाली बात तो नहीं है।

# 18 साल के नौजवान ने खोली ऐसी कंपनी कि मदद को रतन टाटा ने बढ़ाया हाथ

**मुंबई:** सस्ती दवा लोगों तक उपलब्ध कराने के प्रयास में 18 साल के नौजवान ने इतिहास रच दिया है. जेनेरिक आधार नामक फार्मा कंपनी की शुरूआत करके लोगों तक सस्ती दवा उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक कदम इस नवजवान ने उठाया है. मुंबई के ठाणे शहर में रहने वाले 18 साल के अर्जुन देशपांडे 12वीं कक्षा में पढ़ते हैं लेकिन पढ़ाई के साथ इस नौजवान ने एक कंपनी खड़ी कर दी है जो लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध करा रही है. अर्जुन को दरअसल इस फील्ड में काम करने का आइडिया उनकी मां से मिला. उनकी मां फार्मा कंपनी में इंटरनेशनल लेवल पर दवाइयों के डिस्ट्रीब्यूशन का काम देखती हैं. इसी सिलसिले में अर्जुन की मां का विदेशों के लिए दौरा भी होता है.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रफीक एम. शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस ३-४ अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.२, गोरेगांव (पूर्व) मुंबई-६३ से मुद्रित कराकर रूम नं. २६, कामा रोड, रोशन नगर, गांव देवी डोंगरी, अंधेरी (प.), मुंबई-५८ से प्रकाशित किया। मो. : ९८३३७७९९२० समस्त विवादों के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।
संपादक : रफीक एम. शेख सह संपादक : अहमद शेख (मो.७७१५९४९०३२), Email : aib7861@gmail.com / allindiabrigade@gmail.com

CMYK